नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 15

SS-10-Economics

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

अर्थशास्त्र

ECONOMICS

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidates must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

   All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any kind of error/difference/contradiction in the Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) प्रश्न क्रमांक **14** से **20** में आन्तरिक विकल्प हैं । किसी एक विकल्प को हल कीजिए ।

Question Nos. **14** to **20** have the internal option. Attempt any one option.

खण्ड – अ

SECTION – A

1. बहुविकल्पीय प्रश्न :

Multiple choice questions :

i) समष्टि अर्थशास्त्र के उद्भव का श्रेय जाता है **[1]**

अ) जे. एम. कीन्स ब) रिकार्डो
स) एडम स्मिथ द) जे. के. मेहता

The origin of macro economics is attributed to

A) J. M. Keynes B) Ricardo
C) Adam Smith D) J. K. Mehta

ii) राष्ट्रीय आय (NI) का सर्वाधिक उपयुक्त माप है **[1]**

अ) GDP_{MP} ब) NNP_{FC} स) GDP_{FC} द) NDP_{MP}

The most appropriate measure of National Income (NI) is

A) GDP_{MP} B) NNP_{FC} C) GDP_{FC} D) NDP_{MP}

iii) निम्न में से कौन–सी संस्था देश में मुद्रा निर्गमन के लिए जिम्मेदार है ? **[1]**

अ) केन्द्र सरकार ब) राज्य सरकार
स) केन्द्रीय बैंक द) नीति आयोग

Which of the following is an institution responsible for currency issue in the country ?

A) Central Government B) State Government
C) Central Bank D) NITI Aayog

iv) केन्द्रीय बैंक द्वारा निर्धारित की जानेवाली दर है **[1]**

अ) रेपो दर ब) रिवर्स रेपो दर
स) बैंक दर द) उपरोक्त सभी

The rate determined by the Central Bank is

A) Repo Rate B) Reverse Repo Rate
C) Bank Rate D) All of the above

v) उपभोक्ता अपनी आय में परिवर्तन होने पर भी अपने उपभोग में परिवर्तन न करे, तो MPC का मान होगा **[1]**

अ) MPC > 1 ब) MPC = 1 स) MPC = 0 द) MPC < 1

The consumer does not change his consumption despite change in his income, than the value of MPC will be

A) MPC > 1 B) MPC = 1 C) MPC = 0 D) MPC < 1

vi) उपभोग फलन का सूत्र है **[1]**

अ) $C = \bar{C} - cY$ ब) $C = \bar{C} + cY$

स) $C = \bar{S} - cY$ द) $C = \bar{S} + cY$

Formula of consumption function is

A) $C = \bar{C} - cY$ B) $C = \bar{C} + cY$

C) $C = \bar{S} - cY$ D) $C = \bar{S} + cY$

vii) भारतीय संविधान की किस धारा में 'वार्षिक वित्तीय ब्यौरे' का उल्लेख है ? **[1]**

अ) धारा 114 ब) धारा 119 स) धारा 112 द) धारा 109

Which Article of the Indian Constitution mentions the 'annual financial statement' ?

A) Article 114 B) Article 119 C) Article 112 D) Article 109

viii) राजकोषीय घाटे से ब्याज अदायगी को घटाने पर प्राप्त होता है **[1]**

अ) राजस्व घाटा ब) प्राथमिक घाटा

स) बजट घाटा द) पूँजी घाटा

Fiscal deficit minus interest payment is equals to

A) Revenue deficit B) Primary deficit

C) Budget deficit D) Capital loss

ix) निम्न में से अदृश्य मद में शामिल किया जाता है **[1]**

अ) गैर-उपादान सेवाएँ ब) आय

स) हस्तांतरण द) उपरोक्त सभी

Which of the following included in the invisible item ?

A) Non-factor services B) Income

C) Transfers D) All of the above

x) निम्न में से व्यापार अवरोधक का एक उदाहरण है [1]

अ) उपदान ब) वर्तुल प्रवाह

स) टैरिफ द) फोरेक्स दर

Which of the following is an example of trade barriers ?

A) Subsidies B) Circular flow

C) Tariffs D) Forex rate

xi) निम्न में से समष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र है [1]

अ) समग्र कीमत स्तर

ब) वस्तु की मात्रा निर्धारण

स) वस्तु की कीमत निर्धारण

द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the study area of macro economics ?

A) Aggregate price level

B) Determining the quantity of goods

C) Determining the price of goods

D) None of the above

xii) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में सभी आर्थिक निर्णय लिये जाते हैं [1]

अ) सरकार द्वारा ब) बाजार द्वारा

स) उत्पादक द्वारा द) उपभोक्ता द्वारा

In a centrally planned economy, all economic decisions are made by

A) Government B) Market

C) Producer D) Consumer

xiii) अनधिमान वक्र का ढाल हमेशा होता है [1]

अ) क्षैतिज अक्ष के समानान्तर ब) बाएँ से दाएँ ऊपर की ओर ढलवा

स) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढलवा द) दाएँ से बाएँ ऊपर की ओर ढलवा

Indifference curve slopes always is

A) Parallel to the horizontal axis B) Left to right upwards

C) Left to right downwards D) Right to left upwards

xiv) निम्न में से सीमांत प्रतिस्थापन दर का सूत्र है **[1]**

अ) $MRS = \frac{Y}{X}$ ब) $MRS = \frac{\Delta X}{\Delta Y}$

स) $MRS = \frac{X}{Y}$ द) $MRS = \frac{\Delta Y}{\Delta X}$

Which of the following is a formula of marginal rate of substitution ?

A) $MRS = \frac{Y}{X}$ B) $MRS = \frac{\Delta X}{\Delta Y}$

C) $MRS = \frac{X}{Y}$ D) $MRS = \frac{\Delta Y}{\Delta X}$

xv) यदि एक फर्म का 10 इकाई परिवर्ती आगत पर कुल निर्गत 800 इकाई है, तो औसत उत्पाद होगा **[1]**

अ) 80 ब) 100 स) 8 द) 400

If the total output of a firm is 800 units on 10 units of variable inputs, then the average production will be

A) 80 B) 100 C) 8 D) 400

xvi) निम्न में से कुल स्थिर लागत वक्र की आकृति है **[1]**

अ) 

ब) 

स)

द) 

Which of the following is the shape of total fix cost curve ?

A) 

B) 

C) 

D) 

xvii) पूर्ण प्रतियोगी फर्म के लिए आवश्यक शर्त है [1]

अ) MR = AR = P　　ब) MR > AR > P

स) MR < AR < P　　द) P ≠ AR > MR

The necessary condition for a perfectly competitive firm is

A) MR = AR = P　　B) MR > AR > P

C) MR < AR < P　　D) P ≠ AR > MR

xviii) दी हुई कीमत पर बाजार अधिपूर्त्ति की स्थिति होगी, यदि [1]

अ) बाजार पूर्त्ति = बाजार मांग

ब) बाजार पूर्त्ति < बाजार मांग

स) बाजार मांग > बाजार पूर्त्ति

द) बाजार पूर्त्ति > बाजार मांग

There will be excess supply in the market at a given price, if

A) Market supply = Market demand

B) Market supply < Market demand

C) Market demand > Market supply

D) Market supply > Market demand

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

i) ________ प्रणाली में किसी व्यक्ति की संपत्ति को आगे के लिए बनाए रखना कठिन है । [1]

In the __________ system it is difficult to carry forward one's wealth.

ii) एक द्वि क्षेत्रीय मॉडल में मांग के दो स्रोत होते हैं, पहला उपभोग और दूसरा ________. [1]

In two sector model, there are two sources of demand, the first is consumption and the second is _________.

iii) __________ खाता परिसम्पत्तियों के समस्त अंतर्राष्ट्रीय लेन देनों को दर्ज करता है । **[1]**
__________ account records all international transactions of assets.

iv) _______ विश्लेषण में यह अध्ययन करते हैं कि विभिन्न क्रियाविधियों कैसे कार्य करती हैं । **[1]**
In ________ analysis we study that how different mechanisms works.

v) दीर्घकालीन औसत लागत वक्र एक _______ आकार का वक्र है । **[1]**
Longrun average cost curve is a ____________ shaped curve.

vi) व्यक्तिगत फर्मों के पूर्ति वक्रों को समूहित किया जाकर _______ वक्र प्राप्त किया जाता है । **[1]**
By aggregate the supply curves of individual firms we got ___________ curve.

3. अति लघुत्तरात्मक प्रश्न :

Very short answer :

i) आर्थिक ऐजेंट का आशय समझाइये । **[1]**
Explain the meaning of economic agent.

ii) मुद्रा से आप क्या समझते हैं ? **[1]**
What do you understand by money ?

iii) डिजिटल सौदों से आपका क्या आशय है ? **[1]**
What do you mean by digital transactions ?

iv) उपभोग मांग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्धारक क्या है ? **[1]**
What is the most important determinant of consumer demand ?

v) औसत उपभोग प्रवृत्ति को परिभाषित कीजिए । **[1]**
Define the average propensity to consume.

vi) यदि MPC = 0.75 है, तो MPS का मान ज्ञात कीजिए । **[1]**
Find the value of MPS, if the MPC = 0.75.

vii) व्यापार संतुलन में आधिक्य की स्थिति कब होती है ? **[1]**
When does a surplus situations occur in the balance of trade ?

viii) बाजार अर्थव्यवस्था की कोई एक विशेषता लिखिए । **[1]**

Write any one feature of market economy.

ix) गणनावाचक उपयोगिता विश्लेषण को समझाइये । **[1]**

Explain the cardinal utility analysis.

x) फर्म के लाभ से क्या आशय है ? **[1]**

What is meant by profit of firm ?

xi) कुल संप्राप्ति से क्या आशय है ? **[1]**

What is meant by total revenue ?

xii) मूल्य सीमा वाले किसी एक वस्तु का उदाहरण लिखिए । **[1]**

Write any one example of price ceiling good.

खण्ड – ब

SECTION – B

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :

Short answer questions :

4. 'क्लासिकी परम्परा' से क्या अभिप्राय है ? **[2]**

What is meant by 'classical approach' ?

5. यदि MPC का मान 0.8 है, तो निर्गत गुणक के मान की गणना कीजिए । **[2]**

If the value of MPC is 0.8, then calculate the value of investment multiplier.

6. 'उपदान एक महत्वपूर्ण नीतिगत उपकरण है ।' केन्द्र सरकार द्वारा उक्त संदर्भ में विभिन्न उपदानों का विश्लेषण कीजिए । **[2]**

'Subsidy is an important policy tool.' Analyse the various subsidies provided by the central government in this context.

7. चालू खाता एवं पूँजी खाता में भेद कीजिए । **[2]**

Distinguish between current account and capital account.

8. नीचे दी गई भुगतान संतुलन तालिका से लुप्त मान ज्ञात करें । **[1+1=2]**

Find the missing values from the balance of payment table given below.

क्रम सं. **Sl. No.**	**मद** **Item**	**मि.अमेरिकी डॉलर** **Million USD**
1.	व्यापार संतुलन Trade balance	– 90
2.	अदृश्य मदें (निवल) Invisibles (Net)	?
	a) गैर–उपदान सेवाएँ Non-factor services	40
	b) आय Income	– 10
	c) हस्तांतरण Transfers	34
3.	चालू खाते का शेष Current Account Balance	?

9. केन्द्र सरकार के कर सुधारों से संबंधित कार्यक्रम 'जी एस टी बचत उत्सव' के संदर्भ में सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए । **[2]**

Present a positive economic analysis in the context of the 'GST Bachat Utsav' a tax reforms programme of the central government.

10. अनधिमान वक्र की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । **[1+1=2]**

Write any two main features of indifference curve.

11. पैमाने के प्रतिफल से आपका क्या आशय है ? समझाइये । **[2]**

What do you mean by return to scale ? Explain.

12. अल्पकालीन सीमान्त लागत और औसत लागत के मध्य संबंध की व्याख्या कीजिए । **[2]**

Explain the relation between shortrun marginal cost and average cost.

13. पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में 'अदृश्य हाथ' की अवधारणा समझाइये । **[2]**

Explain the concept of 'invisible hand' in perfectly competitive market.

खण्ड – स

SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :

Long answer questions :

14. निम्नलिखित आंकड़ों से वैयक्तिक आय और वैयक्तिक प्रयोज्य आय की गणना कीजिए । (करोड़ में) **[3]**

Calculate personal income and personal disposal income from the following data. (in crore)

कारक लागत पर शुद्ध घरेलु उत्पाद Net Domestic Product at factor cost	9,000
विदेशों से प्राप्त शुद्ध राष्ट्रीय आय Net National Income from Abroad	200
अवितरित लाभ Undistributed profit	1,000
निगम कर Corporate tax	500
परिवारों द्वारा प्राप्त निवल ब्याज Net interest received by households	300
अंतरण भुगतान Transfer Payment	300
वैयक्तिक कर Personal tax	500

अथवा/OR

यदि किसी वर्ष विशेष में देश का सकल घरेलु उत्पाद बाजार कीमत पर (GDP_{MP}) ₹ 1,400 करोड़ थी, विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय ₹ 100 करोड़ था, अप्रत्यक्ष कर-उपदान का मूल्य ₹ 150 करोड़ और राष्ट्रीय आय (NI) ₹ 1,050 करोड़ थी, तो मूल्यह्रास के समस्त मूल्य की गणना कीजिए ।

If in a particular year the country's Gross Domestic Product at market price (GDP_{MP}) was ₹ 1,400 crore, Net factor income from Abroad was ₹ 100 crore, indirect tax-subsidies were ₹ 150 crore and National Income (NI) was ₹ 1,050 crore, then calculate the total value of depreciation.

15. निम्न को परिभाषित कीजिए : **[1+1+1=3]**

i) नकद आरक्षित अनुपात

ii) वैधानिक तरलता अनुपात

iii) खुले बाजार की क्रियाएँ ।

Define the following :

i) Cash Reserve Ratio

ii) Statutory Liquidity Ratio

iii) Open Market Operations.

अथवा/OR

निम्न को परिभाषित कीजिए :

i) बैंक दर ii) नेट वर्थ iii) विमुद्रीकरण ।

Define the following :

i) Bank rate ii) Net worth iii) Demonetisation.

16. दो उपभोक्ताओं वाले काल्पनिक बाजार में बाजार मांग वक्र की व्युत्पत्ति को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये । **[1+1+1=3]**

Explain the derivation of market demand curve in a hypothetical market with two consumers with the help of diagram.

अथवा/OR

निम्न स्थिर लोच मांग वक्रों को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

i) $e_D = 0$ ii) $e_D = \infty$ iii) $e_D = 1$

Explain the following constant elasticity demand curves, with the help of diagram.

i) $e_D = 0$ ii) $e_D = \infty$ iii) $e_D = 1$

17. आपूर्ति मात्रा तथा बाजार मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन की निम्न तालिका में दी गई सूचनाओं का प्रयोग कर, पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए । **[3]**

The percentage change in quantity supplied and market price information given in table below, taking the help of that information calculate the price elasticity of supply.

सेब की कीमत (P) ₹ में Price of apple (P) in ₹	सेब की उत्पादित एवं बिक्री मात्रा (Q) Quantity of apples produce and sold (Q)
पुरानी कीमत $P_1 = 10$ Old price $P_1 = 10$	पुरानी मात्रा $Q_1 = 200$ Old quantity $Q_1 = 200$
नई कीमत $P_2 = 50$ New price $P_2 = 50$	नई मात्रा $Q_2 = 1000$ New quantity $Q_2 = 1000$

अथवा/OR

यदि एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में मांग वक्र और पूर्ति वक्र को इस प्रकार दर्शाया गया है :

$q^D = 1200 - P$

$q^S = 600 + 2P$

तो संतुलन कीमत तथा संतुलन मात्रा ज्ञात कीजिए ।

If in a perfectly competitive market demand and supply curves are shows as following : $q^D = 1200 - P$

$q^S = 600 + 2P$

then calculate equilibrium price and quantity.

खण्ड – द

SECTION – D

निबंधात्मक प्रश्न :

Essay type questions :

18. ‘जब सरकार राजस्व प्राप्ति से अधिक व्यय करती है, तो इसे बजटीय घाटा कहते हैं’, इस कथन के आधार पर बजटीय घाटे का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **[4]**

‘When government spends more than it collects by way of revenue, its called budget deficit’. Analyse the effects of budget deficit on an economy on the basis of this statement.

अथवा/OR

‘वार्षिक वित्तीय ब्यौरा सरकार का मुख्य बजट संबंधी घोषणा पत्र होता है ।’ इस कथन के संदर्भ में सरकारी बजट के उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए ।

‘Annual finance statement constitutes the main budget document of the government.’ Analyse the objectives of government budget in reference of this statement.

19. मान लीजिए एक उपभोक्ता के पास कुल बजट ₹ 20 है तथा दोनों वस्तुओं (x_1, x_2) की लागत ₹ 5 है, तो निम्न उपलब्ध बण्डल सेटों को दी गई तालिका में उचित स्थान पर जमाएँ :

(4, 3) (2, 2) (3, 1) (4, 0) (3, 3) (4, 5) (2, 3) (1, 3) **[½×8=4]**

Suppose a consumer has total budget ₹ 20 and cost of both the goods (x_1, x_2) is ₹ 5, then arrange the following available bundle sets on suitable place in the table below :

(4, 3) (2, 2) (3, 1) (4, 0) (3, 3) (4, 5) (2, 3) (1, 3)

बजट सीमा के भीतर Within budget limit				
बजट सीमा के बाहर Beyond budget limit				

अथवा/OR

नीचे दी गई तालिका में क्रमशः रिक्त स्थानों a, b, c, d, e, f, g व h में उचित उत्तर लिखिए ।
In table given below write the appropriate answer in the blank space a, b, c, d, e, f, g and h respectively.

क्रम सं. Sl. No.	वस्तु की कीमत में % परिवर्तन % change in the price of item	वस्तु की मांग में % परिवर्तन % change in demand for the item	व्यय पर प्रभाव Impact on expenditure	मांग की कीमत लोच (e_d) का स्वभाव The nature of (e_d) elasticity of demand
1	+10	– 08	(a)	e < 1
2	+10	–12	घटना Decrease	(b)
3	+10	–10	(c)	e = 1
4	– 10	+15	(d)	e > 1
5	– 10	+07	बढ़ना Increase	(e)
6	– 10	+10	अपरिवर्तित Unchanged	(f)
7	+10	–06	बढ़ना Increase	(g)
8	– 10	+18	(h)	e > 1

20. समोत्पाद वक्र की अवधारणा को रेखाचित्र की सहायता से समझाइये । **[4]**
Explain the concept of isoquant curve with the help of diagram.

अथवा/OR

कुल लागत वक्र, कुल परिवर्ती लागत तथा कुल स्थिर लागत का ऊर्ध्वाधर जोड़ है । रेखाचित्र की सहायता से समझाइये ।
Total cost curve is the vertical sum of total fix cost and total variable cost. Explain with the help of diagram.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE